<u>कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी०टी०नगर, भोपाल</u>

कमांक / प्रशासन / भंडार / आविभो / 850 / 2026 भोपाल, दिनांक 14 / 02 / 2026

Tender Document
Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में मुख्य प्लेग्राउंड लगभग 04 एकड एरिया में फैला प्लेग्राउंड पर जगह–2 मिट्टी के ढेर, अलंगे, मलबा रखा होनें से प्रथम अलंगे हटवाकर ग्राउंड पर जेसीबी चलवाया जाकर प्लेग्राउंड मिट्टी, मलबे के ढेर को लेवलिंग उपरांत आवश्यकतानुसार मिट्टी / मुर्रम की ट्रालिया डलवाकर उन पर रोलर चलवाकर समतलीकरण कार्य करवाए जानें हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

2. उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्य समिति के निर्देशन में दिनांक 16 / 02 / 2026 से 28 / 02 / 2026 को निविदा फार्म प्राप्ति दौरान कार्य स्पॉट का अवलोकन किया जा सकता है। उसी आधार पर निविदा दरें प्रदान करना होगी।

3. यह आमंत्रण ऐसे कांट्रेक्टर / व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास इस क्षेत्र में निम्नतम 02 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में भी प्रस्तावित कार्य पूर्ण किए जा रहे हों।

4. कोटेशनों में उल्लेखित दर उपरोक्तानुसार कार्य हेतु फर्मों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 02 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।

5. उपरोक्तानुसार कार्य कांट्रेक्टर / व्यक्तियों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 16 / 02 / 2026 से 28 / 02 / 2026 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय कार्यालय से राशि रू. 500 / – प्रति फार्म इच्छुक को प्राप्त करना होगा।

6. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु कांट्रेक्टर / व्यक्तियों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 28 / 02 / 2026 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं संबंधित कांट्रेक्टर / व्यक्तियों की उपस्थिति में खोली जावेगी।

7. मुख्य प्लेग्राउंड मेटेंनेंस उपरोक्त प्रस्तावित कार्य अपरान्ह 08:00 बजे से राशि 12:00 बजे के मध्य पूर्ण करना होगा।

8 विद्यालय मुख्य प्लेग्राउंड मेटेंनेंस कार्य हेतु एक्सपर्ट लेबर से सेवाऐं लेना अनिवार्य होगा। कार्य में त्रुटि होने पर भुगतान कार्यवाही नहीं की जावेगी।

9. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु मटेरियल उच्च क्वालिटी का प्रयोग करना होगा।

10. मुख्य प्लेग्राउंड मेटेंनेंस कार्य आदेशानुसार न होने, दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर आदेश निरस्ती का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य आदर्श उ. मा. विद्यालय टी. टी. नगर भोपाल	प्राचार्य आदर्श उ. मा. विद्यालय टी. टी. नगर भोपाल